स्काउट–गाइड

स्काउटिंग मानव जाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए स्वैच्छिक आंदोलन है। स्काउटिंग गतिविधियों से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास में मदद मिलती है । इस आंदोलन में अधिकतम संख्या में छात्र भाग लेते हैं।

के वी नंबर 1, उधमपुर को स्काउट एंड गाइड के लिए "स्वच्छ भारत अभियान" के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विरासत के राजदूत के रूप में भी चुना जा चुका है जिसके अंतर्गत उनके द्वारा किरमची-मानसर में पांडव मंदिर का दौरा किया गया ।

विद्यालय में स्काउट–गाइड की संख्या 500 है जिसमें स्काउट–136, गाइड्स – 63, कब्स – 181, बुलबुल – 120 हैं | इसके अतिरिक्त 07 स्काउट मास्टर, 04 गाइड कैप्टेन, 02 फ्लॉक लीडर और 05 कब मास्टर हैं |

10 स्काउट्स व 09 गाइड्स ने के वी नगरोटा में आयोजित राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर में भाग लिया व उत्तीर्ण हुए और 14 स्काउट्स ने के.वि कठुआ और 11 गाइड्स ने के वी बनतलाब में तृतीया सोपान परीक्षण शिविर में भाग लिया और उत्तीर्ण हुए ।

दिसम्बर माह में 'शांति के दूत' कार्यक्रम में श्रीमती निहारिका द्वारा के.वि. कठुआ में भाग लिया गया और विद्यालय में संबंधित शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसी कार्यक्रम के अंतर्गत एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्काउट्स– गाइड्स और कब्स–बुलबुल ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।

07 नवम्बर 2019 को विद्यालय में स्काउट–गाइड स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया ।

22 फ़रवरी 2020 को विद्यालय में बेडेन पॉवेल दिवस / संस्थापक दिवस / अंतर्राष्ट्रीय विचार दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें के.वी. 1 उधमपुर और के.वी..2 उधमपुर ने भाग लिया । इस मौके पर दिवस कैंप का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया ।

श्री संजय कोहली, स्काउट मास्टर, को वर्ष 2019–20 के लिए डिवीज़नल अवार्ड (स्काउट–गाइड) केंद्रीय विद्यालय संगठन, जम्मू डिवीज़न प्रदान किया गया ।